SSC CGL 2017 COMBO PACK
120 TOTAL TESTS ₹787/-
testbook

# Important Current Affairs 12th October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 12th October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the Important Current Affairs 12th October 2017 in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 12th October 2017 in Hindi

- **तेलंगाना की ई-कचरा प्रबंधन नीतियां**
  - तेलंगाना सरकार ने इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स और ई-कचरे पर केन्द्रित दो नई नीतियों की घोषणा की है|
  - ये राज्य में पिछले वर्ष शुरू की गई IT नीति के 10 प्रमुख लक्षित क्षेत्रों में शामिल हैं|
  - IoT नीति, स्मार्ट शहर समाधान, चिकित्सा स्वास्थ्य IoT, स्मार्ट लॉजिस्टिक्स और कृषि तकनीक विकसित करने पर केंद्रित है|
- **तापी का हवाई सर्वेक्षण**
  - भविष्य में पेयजल आपूर्ति को पूरा करने के लिए, सूरत नगर निगम ने तापी नदी और उसके किनारे का एक हवाई सर्वेक्षण शुरू किया|
  - इसके साथ, SMC, पेयजल की खोज में एक वैज्ञानिक अध्ययन करने वाला देश का पहला नागरिक निकाय बन गया है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

- इस सर्वेक्षण के माध्यम से नदी के लगभग 500 मीटर नीचे, सीमित और संतृप्त जलभृत की पहचान और खोज के लिए स्कैनिंग की जाएगी|

- **विधवा पुनर्विवाह के लिए 2 लाख रूपए की सहायता**
    - मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में महिलाओं के हित में कई योजनाओं की घोषणा की, जिसमें विधवाओं के पुनर्विवाह के लिए 2 लाख रूपए की वित्तीय सहायता शामिल है|
    - अपने मासिक रेडियो प्रसारण 'दिल से' में बोलते हुए श्री चौहान ने लोगों से विधवाओं के पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करने की अपील की|
    - यह कदम दहेज और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में मदद करेगा|
- **सरकार करेगी मिनी फूड पार्क कि स्थापना**
    - सरकार, प्रसंस्करण स्तर को बढ़ावा देने के लिए, मिनी फूड पार्क स्थापित कर रही है|
    - खाद्य प्रसंस्करण मंत्री ने कहा कि सभी 42 स्वीकृत मेगा फूड पार्क 2019 तक कार्यरत होंगे|
    - उन्होंने यह भी कहा कि, यह हाल ही में सरकार द्वारा अनुमोदित नए  6,000 करोड़ की सम्पदा योजना के तहत किया जाएगा|
- **स्पेस X ने किया 10 उपग्रहों का प्रक्षेपण**
    - स्पेस X ने वर्जीनिया स्थित कंपनी, इरिडियम के वैश्विक डेटा संचार नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 10 उपग्रहों से लैस, फाल्कन 9 रॉकेट प्रक्षेपित किया|
    - कैलिफोर्निया में वेंडनबर्ग वायु सेना के बेस से इस सफेद रॉकेट का प्रक्षेपण किया गया|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

- प्रक्षेपण के सात मिनट बाद, 'फर्स्ट स्टेज' कहा जाने वाला फाल्कन 9 का पहला भाग, अपराइट लैंडिंग के साथ पृथ्वी पर लौट आया|

- **समुद्री निकाय IALA के लिए दर्जे में परिवर्तन**
  - सरकार ने वैश्विक समुद्री निकाय IALA का दर्ज़ा गैर-सरकारी संगठन से अंतर सरकारी संगठन में बदलने की मंज़ूरी दे दी है|
  - यह कदम जहाजों के सुरक्षित, आर्थिक और कुशल आवागमन को बढ़ावा देगा| यह IALA को अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठनों के बराबर स्थिति में लाएगा|
  - सेंट गेर्मेनिन लेई (फ्रांस) में मुख्यालय के साथ IALA की स्थापना 1957 में फ्रांसीसी कानून के तहत की गयी थी|

- **महाराष्ट्र ने किया 'महालाभार्थी' का शुभारंभ**
  - महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'महालाभार्थी' वेब पोर्टल की शुरुआत की है जो लोगों को उन सभी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा, जिनके लिए वे पात्र हैं|
  - यह पोर्टल लोगों को कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा|
  - वेब पोर्टल, https://www.mahalabharthi.in, इस पर पंजीकरण करते समय किसी व्यक्ति द्वारा दी गई व्यक्तिगत, शैक्षणिक और व्यावसायिक जानकारी के आधार पर काम करता है|

- **26% तक बढ़ेंगे डिजिटल भुगतान: रिपोर्ट**
  - वर्ल्ड पेमेंट रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार और राष्ट्रीय भुगतान परिषद की पहल के कारण 2016 से 2020 तक गैर-नकद लेनदेन 26.2% की एक समग्र वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेंगे|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

- वर्ल्ड पेमेंट रिपोर्ट 2017 को संयुक्त रूप से कैपिजनी और BNP परिबास द्वारा स्थापित किया गया था|
- यह रिपोर्ट दुनिया भर में डिजिटल भुगतान और लेनदेन और उनकी प्रगति के बारे में है|

- **गुरूसाईदत्त ने जीता बल्गेरियन टूर्नामेंट**
  - कॉमनवेल्थ गेम्स कांस्य पदक विजेता आर. एम. वी. गुरुसाईदत्त ने बल्गेरियाई इंटरनेशनल फ्यूचर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता|
  - अंतिम मैच में, गुरुसाईदत्त ने तुर्की के मोहम्मद अली कर्ट को हराया|
  - वे अब नवंबर 2017 में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप खेलेंगे|
- **निशा देसाई बनी USIBC प्रमुख**
  - दक्षिण और मध्य एशिया की पूर्व अमेरिकी सहायक राज्य सचिव, निशा देसाई बिस्वाल को U.S.-भारत व्यापार परिषद की अध्यक्ष नियुक्त किया गया|
  - USIBC यू. एस. चैंबर ऑफ कॉमर्स के तहत U.S. व्यवसायों का एक मंच है, जिसका मुख्यालय वाशिंगटन, D.C. में है|
  - निशा देसाई बिस्वाल अमेरिकी व्यवसायों के हितों का संयोजन इस प्रकार करेंगी की वे भारत सरकार के लिए उपयोगी साबित हों|
- **अनुपम खेर बने FTII अध्यक्ष**
  - सरकार ने अभिनेता अनुपम खेर को फिल्म और टेलीविज़न इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (FTII), पुणे का अध्यक्ष नियुक्त किया है|
  - अनुपम खेर FTII के अध्यक्ष के रूप में गजेंद्र चौहान की जगह लेंगे| चौहान का कार्यकाल मार्च 2017 में समाप्त हो गया था|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

- खेर को 2004 में पद्म श्री पुरस्कार और 2016 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया|

- **भारत फार्मा में दूसरे स्थान पर**
  - एक लिंक्डइन रिपोर्ट में, भारत फार्मास्यूटिकल्स और जैव प्रौद्योगिकी कार्यबल के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार है|
  - रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक फार्मास्यूटिकल और जैव प्रौद्योगिकी कार्यबल में भारत 13.7% योगदान देता है|
  - यह रिपोर्ट ई-बुक "द इंडियन फार्मा एंड बायोटेक इंडस्ट्री" में प्रकाशित हुई| इसके अनुसार दिल्ली, कोलकाता और चंडीगढ़ भारत में इस क्षेत्र के लिए शीर्ष बाजार हैं|
- **SBI स्थापित करेगी सबसे बड़ा नवाचार केन्द्र**
  - भारतीय स्टेट बैंक ने नवी मुंबई में अपने 15,000 वर्ग फुट के नवाचार केंद्र की स्थापना की घोषणा की|
  - भारत में किसी वित्तीय सेवा कंपनी द्वारा यह सबसे बड़ा नवाचार केन्द्र होगा|
  - SBI के पास वर्तमान में 12 सदस्यीय नवाचार टीम है| केंद्र शुरू होने के बाद, इसे 30 से अधिक तक बढ़ाया जाएगा|
- **महाराष्ट्र ने अपनाई जलवायु परिवर्तन नीति**
  - महाराष्ट्र कैबिनेट ने जलवायु परिवर्तन अनुकूलन नीति को मंजूरी दे दी जो पर्यावरण-अनुकूल गांवों और शहरों के विकास पर केंद्रित है|
  - नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक विशेष सेल की स्थापना की जाएगी|
  - ऐसा महाराष्ट्र पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए किया गया है|
- **पहला हाइब्रिड एन्युइटी मोड सीवेज संयंत्र**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

- हाइब्रिड एन्युइटी मोड के तहत भारत के पहले सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्रों की स्थापना के लिए 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' और राज्य स्तर पर चलने वाली एजेंसियां, उत्तराखंड पेयजल निगम और उत्तर प्रदेश जल निगम के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए|
- हरिद्वार और वाराणसी में संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है|
- मंत्री ने 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' (NMCG) पर एक इंटरैक्टिव वेबसाइट भी लॉन्च की|

- **ग्लोबल LNG मार्केट के लिए MoC**
  - कैबिनेट ने एक तरल, लचीले और वैश्विक LNG बाजार की स्थापना के संबंध में भारत और जापान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है|
  - MoC ऊर्जा क्षेत्र में भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगा|
  - यह भारत के लिए गैस की आपूर्ति के विविधीकरण में योगदान देगा| यह हमारी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा और उपभोक्ताओं के लिए और अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों की पेशकश करेगा|

- **कौशल भारत मिशन को बढ़ावा देने की योजनाएं**
  - आर्थिक मामलों की समिति ने विश्व बैंक द्वारा समर्थित 6,655 करोड़ की दो नई योजनाओं को मंजूरी दी है|
  - ये दो योजनाएं 'स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लाइवलीहुड प्रमोशन' (SANKALP) और स्किल स्ट्रेंदेनिंग फॉर इंडस्ट्रियल वैल्यू एनहांसमेंट (STRIVE) हैं|
  - ये व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में सरकार की कार्यान्वयन की रणनीति में बदलाव को चिन्हित करते हैं|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

- **भारत और बेलारूस के बीच समझौता**
  - कैबिनेट ने व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत और बेलारूस के बीच समझौता ज्ञापन के लिए मंजूरी दे दी|
  - व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग के लिए यह यूरेशियन देश के साथ किया गया पहला समझौता है|
  - विनिर्माण क्षेत्र में विशेष रूप से मानवशक्ति के कौशल को बढ़ाने में यह समझौता अपनी विशेषज्ञता और जानकारियों के व्यवस्थित हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त करेगा|
- **SEBI और FSC के बीच समझौता**
  - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपसी सहयोग और तकनीकी सहायता के लिए SEBI और वित्तीय सेवा आयोग, जिब्राल्टर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है|
  - समझौता ज्ञापन दोनों नियामकों के बीच आर्थिक संबंधों और सहयोग में विकास को और अधिक बढ़ावा देगा|
  - इसका उद्देश्य दोनों देशों में प्रतिभूति बाजारों के प्रभावी विकास के लिए स्थितियां उत्पन करना है|
- **TITP पर भारत और जापान के बीच समझौता**
  - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने "तकनीकी इंटर्न प्रशिक्षण कार्यक्रम" पर भारत और जापान के बीच "सहयोग ज्ञापन" को मंजूरी दे दी है|
  - TITP, भारतीय तकनीकी प्रशिक्षकों को तीन से पांच वर्षों की अवधि के लिए नौकरी प्रशिक्षण पर जापान भेजने के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है|
  - यह समझौता ज्ञापन कौशल विकास के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

# Attempt Current Affair Quiz for 12th October 2017



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play